## Page Three Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous

Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# करोड़ों की लागत से तैयार मल्टी स्टोरी पार्किंग नही हो पायी सुचारू

**जिम्मेदार कौन**

## राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत के हाथों हुआ था उद्घाटन

**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट।**



पिथौरागढ़। सीमांत जनपद पिथौरागढ़ में लगभग अठारह करोड़ की लागत से तैयार की गई मल्टी स्टोरी पार्किंग अब तक सुचारू न हो पाने की वजह से स्थानीय वाहन स्वामियों में खासी नाराजगी देखने को मिल रही है। करीब चार साल के लंबे इंतजार के बाद जिले के देवसिह मैदान के पास तैयार की गई मल्टी स्टोरी पार्किंग का अक्टूबर माह में राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिह रावत ने जनपद भ्रमण के दौरान पार्किंग का विधिवत उदघाटन किया था।

बता दें कि जिले में सार्वजनिक पार्किंग की कमी के चलते वाहन स्वामी अपने वाहन को सड़कों के किनारे खड़े करने को मजबूर हो चुके है। ऐसे हालातों में जिले में यातायात व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए दिक्कतों से दो चार होना पड़ रहा है। वही अब तक दो माह बीतने के बाद भी जिले में तैयार की गई पार्किंग के सुचारू न हो पाने के कारण जिले के तमाम संगठनों में नाराजगी देखने को मिल रही है। जिले के तमाम संगठनों ने इस मामले पर पालिका के अधिशासी दीपक गोस्वामी से मुलाकात कर जल्द से जल्द इस पार्किंग को सुचारू कराये जाने की मांग को लेकर अपनी बात रखी। इस पार्किंग के संचालन का पूरा जिम्मा पालिका के हवाले है। अब तक पालिका को अब तक इसके संचालन के लिए कुछ अधूरे पड़े कार्य निपटाने के बाद ही इसके संचालन के कयास पूरे किये जा सकेंगे।

वही पालिका के अधिशासी अधिकारी दीपक गोस्वामी ने कहा कि पालिका को यह पार्किंग हंस्तातरित हो गई है। पालिका को पार्किंग का जैसे ही हंस्तारण होने के बाद यह पार्किंग शुरू न होने से अब जिला मुख्यालय के लोग मायूस होने लगे है। पार्किंग के शुरू न हो पाने की वजह से जिले में आये दिन लगने वाले जाम से जिले की यातायात व्यवस्था पर सवाल उठने शुरू हो चुके है। आलम यह है कि जाम से जिले के लोग परेशानी में पड़ रहे है। ऐसे हालातों में जिले के लोगों की मुश्किलें बढ़ना लाज्मी है।

दूसरी ओर जिले की पालिका अब जिले के पर्यटन विभाग से लंबे अर्से से बंद पड़ी पार्किंग को सुचारू करने के लिए आग्रह किया है। जिले के पर्यटन विभाग ने पालिका को को पार्किंग के संचालन के लिए हर पल सहयोग दिये जाने के आग्रह को स्वीकार लिया है। वही इस मामले पर आने वाले मई माह तक पालिका के द्वारा जल्द निविदा प्रक्रिया शुरु करने का आश्वासन पर्यटन महकमें को दिये जाने की बात स्वीकारी है।

## न्यूज डायरी

### एक कुख्यात गैंगस्टर जिसने फिल्म की तर्ज पर किया अपराध

**संवाददाता** देहरादून। कुख्यात गैंगस्टर यशपाल तोमर फिल्मी अंदाज में अपने कारनामों को अंजाम देता था। फिल्म श्सात उचक्केश की तर्ज पर भोले–भाले किसानों और व्यापारियों को ब्लैकमेल करने का जाल बुनकर यशपाल अरबपति बन गया। महिला साथियों के जरिये दुष्कर्म और अपहरण के झूठे मुकदमे दर्ज कराने के बाद यशपाल ब्लैकमेल करता और संपत्ति व पैसा हड़प लेता था। एसटीएफ की जांच में सामने आया कि यशपाल किसी की संपत्ति हड़पने या किसी पर दबाव बनाने के लिए एक काल्पनिक घटना पुलिस के सामने इस तरह से प्रस्तुत करता कि वो तथ्यों के आधार पर बिल्कुल सच लगे। इसके बाद निर्दोष व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराकर उसे जेल भिजवा देता। यशपाल तोमर मूल रूप से ग्राम बरवाला, थाना रमाला, जनपद बागपत, उत्तर प्रदेश का रहने वाला है, जो पेशे से किसान था।

### सहायक अध्यापक की नियुक्ति में एससी, एसटी व दिव्यांग को पांच प्रतिशत छूट

**संवाददाता** नैनीताल। हाई कोर्ट ने प्राथमिक विद्यालय में सहायक अध्यापक पद के लिए बीएड समेत स्नातक में 50 प्रतिशत की बाध्यता को समाप्त करने सबंधी 50 से अधिक याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई की। वरिष्ठ न्यायाधीश न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी व न्यायमूर्ति आरसी खुल्बे की खंडपीठ ने एनसीटीई की गाइड लाइन के तहत एसटी, एसटी व विकलांगों को पांच प्रतिशत छूट देने के आदेश दिए है। कोर्ट ने अपने आदेश में यह भी कहा कि उन्हीं अभ्यर्थियों की यह छूट मिलेगी, जिन्होंने स्नातक व बीएड में 45 से 50 के बीच मे अंक अर्जित किए हों।

### आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने की मजबूत वित्तीय परिणामों की घोषणा

**संवाददाता** हरिद्वार। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने एक और मजबूत वित्तीय प्रदर्शन किया, जिससे वित्त वर्ष 2022 के लिए वैल्यू ऑफ न्यू बिजनेस (वीएनबी) ने साल–दर–साल 33 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। वीएनबी मार्जिन, जो प्रोफिटेबिलिटी की एक माप है, 28 प्रतिशत तक विस्तारित हुआ और पूर्ण (अब्सोल्यूट) वीएनबी 21.63 बिलियन रहा। यह न्यू बिजनेस सम एश्योर्ड में 25 प्रतिशत और उसी अवधि के लिए एन्यूलाइज्ड प्रीमियम इक्विवैलेंट में 20 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि के कारण हुआ। वित्त वर्ष 2022 के दौरान, एन्युइटी और प्रोटेक्शन न्यू बिजनेस प्रीमियम में साल–दर–साल क्रमशः 29 प्रतिशत और 35 प्रतिशत की वृद्धि हुई। यह देखते हुए कि इन दोनों खंडों में ग्राहकों की संख्या काफी कम है, ये विकास के लिए आश्चर्यजनक अवसर प्रदान करते हैं।

## काठगोदाम स्टेशन पर बाघ एक्सप्रेस का पहिया पटरी से उतरा

**संवाददाता** हल्द्वानी। काठगोदाम रेलवे स्टेशन पर सुबह शंटिंग के दौरान बाघ एक्सप्रेस का एक पहिया पटरी से उतर गया। जानकारी मिलते ही रेलवे के अधिकारी हरकत में आए और आनन–फानन डिब्बे को दोबारा पटरी पर चढ़ाया गया। गनीमत रही कि इस दौरान रेल में कोई यात्री मौजूद नहीं था।

मंगलवार को काठगोदाम रेलवे स्टेशन पर सुबह दस बजे शंटिंग के दौरान बाघ एक्सप्रेस का एक पहिया पटरी से उतर गया था। इसे रेलवे द्वारा 11:30 बजे दोबारा पटरी पर चढ़ा दिया गया। डिब्बा पटरी से उतरते ही कुछ देर के लिए यहां कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। हालांकि कोई यात्री इस दौरान मौजूद नहीं रहा। रेलवे द्वारा बताया गया की किसी भी प्रकार का कोई नुकसान नहीं हुआ है। मामले में रेलवे अधिकारियों की ओर से जांच बैठा दी गई है। बाघ एक्सप्रेस हावड़ा जंक्शन से काठगोदाम (नैनीताल) तक पूरे सप्ताह चलती है। ट्रेन अपने नियत समय पर कार्ड धाम स्टेशन पहुंची और शाम को अपने समय पर काठगोदाम से रवाना होगी। यह रेल हावड़ा जंक्शन से 09:45 बजे निकलती है और 09:25 बजे नैनीताल पहुंचती है। रेलवे ने इसे बड़ी लापरवाही मानते हुए गंभीरता से लिया है। रेलवे अधिकारियों के अनुसार मंगलवार सुबह 10:15 बजे ट्रेन की शंटिंग कराई जा रही थी। इसी बीच लास्ट का डिब्बा पटरी से नीचे उतर गया। डिब्बा पटरी से उतरते ही ट्रेन को रोक दिया गया। शंटिंग लाइन कर्मचारियों ने मिलकर डिब्बे को पटरी पर खड़ा किया।



## तहसील दिवस में 29 शिकायतें दर्ज, सभी का मौके पर निस्तारण

**संवाददाता** पुरोला। मंगलवार को तहसील दिवस में सिंचाई,राशन कार्ड आनलाईन पंजीयन,सड़क निर्माण समेत वृद्धा,विधवा व विकलांग आदि पेंशन न मिलनें की कुल 29 शिकायतें दर्ज की गई,। अधिकांश शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया जबकि सिंचाई नहरों के मरम्मत व राशनकार्ड आनलाईन पंजीयन के बारे में विधायक दुर्गेश्वर लाल ने शिकायतकर्ताओं को उच्च अधिकारियों से मामलें को लेकर बात करनें का भरोसा दिया। तहसील दिवस में सूखे के चलते बर्बाद हो रही गेंहू,टमाटर की पौध व लाल धान की पौध डालेनें के सीजन पर कास्तकारों नें क्षेत्र की तमाम सिंचाई नहरों की बदहाली की शिकायत करते हुए आक्रोश व्यक्त किया जिस पर क्षेत्रीय विध ाायक दुर्गेश्वरलाल ने सिंचाई विभाग सहायक अभियंता को एक सप्ताह में नहरों की मरम्मत व सफाई करनें के निर्देश दिए।

## निर्माण कार्यों में गुणवत्ता मे सुधार को लेकर कमी अधिकारियों को लगाई फटकार

### सड़कों के निर्माण कार्यों का विधायक ने किया औचक निरीक्षण

**संवाददाता** पुरोला। विकासखण्ड पुरोला के पुरोला गुदियाट गांव, महर गांव के ग्रामीणों की शिकायत पर क्षेत्र में चल रहे सड़क निर्माण कार्यों का औचक निरीक्षण कर निर्माणदायी संस्था के अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाकर कार्यों में गुणवत्ता रखने के सख्त निर्देश दिए।

मंगलवार को क्षेत्रीय विधायक दुर्गेश्वर लाल ने मठ,गुंदियाटगांव, कंडियाल गांव,महर गांव आदि गांवों के ग्रामीणों की लंबे समय से चल रही सड़क निर्माण कार्यों में निम्न गुणवत्ता व कचे पत्थरों से डामरीकरण की शिकायत पर औचक निरीक्षण कर सम्बंधित कार्यदायी संस्था लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाकर निर्माण कार्यों में पारदर्शिता,उच्च गुणवत्ता बनाये रखने के लिए सख्त निर्देश दिए। पुरोला से गुंडियाटगांव व कंडियालगांव से महरगांव मोटर मार्ग का चौड़ीकरण व डामरीकरण का कार्य चल रहा है जिसको लेकर ग्रामीणों ने विभाग तथा ठेकेदारों की मिलीभगत का आरोप लगाते हुए कार्यों में निम्न गुणवत्ता की शिकायत पर क्षेत्रीय विधायक से की जिसको लेकर विधायक ने मंगलवार को कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया।

डामरीकरण व पेंटिग पर विधायक ने नाराजगी जताते हुए विभागीय अधिकारियों को कार्यों में गुणवत्ता को लेकर शख्त निर्देश दिए। विधायक दुर्गेश्वर लाल ने कहा कि क्षेत्र में हो रहे घटिया निर्माणकार्यो को लेकर ग्रामीण आये दिन शिकायत कर रहे हैं उन्होंने कहा कि डामरीकरण में मानकों के विपरीत निम्न गुणवत्ता की निर्माण सामग्री का प्रयोग व मिटी के ऊपर पेंटिग का कार्य किये जाने से हप्तेभर में ही डामर उखड़ रहा है जो स्पस्ट दिख रहा है।

विधायक ने इसको निर्माणदायी संस्था की लापरवाही बताते हुए कहा कि जनविकास को लेकर सरकार संकल्पबद्ध है निर्माणकार्यों में कोताही बिल्कुल भी बर्दाश्त नही की जाएगी व ठेकेदारों व विभाग को सरकारी धन का दुरुपयोग नही करने दिया जाएगा विभाग को उखड़े हुए डामरीकरण को दुबारा करने को कहा गया है।

## राजभवन में हुई राजप्रज्ञेश्वर महादेव की स्थापना

**संवाददाता** देहरादून। राजभवन में राजप्रज्ञेश्वर महादेव शिवलिंग की स्थापना की गई। इस दौरान राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) ने पत्नी गुरमीत कौर के साथ शिवलिंग की प्राणप्रतिष्ठा की और उत्तराखंड की खुशहाली की कामना की।

मंगलवार को राजभवन के परिसर में शास्त्रीय विधि से प्राणप्रतिष्ठा, पूजन और अभिषेक किया गया। जिसके बाद नर्मदा नदी से प्रकट हुए शिवलिंग की वैदिक मंत्रोचारण के साथ विधि–विधान से प्राण प्रतिष्ठा की गई। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि राजभवन प्रांगण में शिवलिंग को स्थापित करने का उद्देश्य उत्तराखंड और उत्तराखंडवासियों के लिए शांति, समृद्धि और विकास के लिए कामना करना है। उत्तराखंड देवभूमि है और यहां कण–कण में ईश्वर का वास है। राज्यपाल ने कहा कि यह शिवलिंग हरिद्वार स्थित देव संस्कृत विश्वविद्यालय परिसर में स्थापित प्रज्ञेश्वर शिवलिंग के साथ मिले नौ शिवलिंग में से एक है।